अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को गले लगाते एक बुजुर्ग महिला। सीएम के प्रति उनका दुलार देखते ही बना ● जागरण

मुख्यमंत्री धामी ने 38 वरिष्ठ महिलाओं को किया सम्मानित

राज्य ब्यूरो, जागरण, देहरादून : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 38 वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया। पुरस्कृत महिलाओं ने शिक्षा, समाज सेवा, उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, संस्कृति और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज उस महिलाओं का सम्मान किया जा रहा है, जिनके त्याग, संघर्ष, स्नेह और संस्कारों ने परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव को मजबूत बनाया है। पहाड़ की असली ताकत उसकी मातृशक्ति है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया ● जागरण

सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाएं

पार्वती देवी नेगी, मीना रवि, डा. ज्योति मारवाह (देहरादून), भादी देवी, गीता नौटियाल, रामेश्वरी भट्ट (रुद्रप्रयाग), उर्मिला देवी, (चंपावत), डा. उर्मिला राणा, कमला नेगी, पार्वती देवी (पौड़ी), मनोरमा जोशी, हेमलता वर्मा, कामिनी कश्यप (अल्मोड़ा), सरतमा देवी, विशाला भंडारी एवं शांति ठाकुर (उत्तरकाशी), सुशीला सेमवाल, चंद्रकला बिष्ट, मुन्नी देवी एवं कलावती देवी, (चमोली), नीमा दफौटी, नारायणी देवी, गंगा राम (बागेश्वर), सोबती देवी, लीला देवी प्रभा रतूड़ी (टिहरी), मीना शर्मा, आशा मुंजाल, इंद्रा मिश्रा (ऊधम सिंह नगर), सैयदा खातून, बाला देवी उर्फ ब्रज किशोरी, कांति (हरिद्वार), दुर्गा खड़ायत, शकुंतला दयाल, देवकी जोशी (पिथौरागढ़), धनुली नेगी, मीनू जोशी, लता हर्बोला (नैनीताल)।

20 महिलाओं को हिमालयी नारी शक्ति सम्मान

विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला एवं हिमालयी नारी शक्ति सम्मान प्राप्त महिलाएं ● जागरण

राज्य ब्यूरो, जागरण, देहरादून : यूकास्ट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ईस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया) सभागार में पांचवें विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान से सात महिलाओं को एवं आठवें हिमालयी नारी शक्ति सम्मान से 20 महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्टार्टअप, नवाचार एवं उद्यमिता में महिलाओं की भागीदारी विषयक कानक्लेव भी आयोजित किया गया। सुषमा बहुगुणा, रंजना कुकरेती शर्मा, डा.रीमा पंत, राजुली भट्ट, सोनिया देवी, डा. विजेता बिष्ट एवं मोनिका बोहरा को विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान मिला।

छावनी में तब्दील हुआ विधानसभा परिसर भराड़ीसैंण

विधानसभा परिसर से पांच किमी दूर दिवाली खाल में बनाया मुख्य बैरियर

संवाद सूत्र, जागरण, गैरसैंण: उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसके मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। यहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। वहीं बजट सत्र के दौरान बाहर होने वाले हंगामे से निपटने के लिए पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय मेहलचौरी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) मालसी में अस्थाई जेल बनाई है।

सुरक्षा के दृष्टिगत विधानसभा परिसर से पांच किलोमीटर की दूरी पर दिवाली खाल में मुख्य बैरियर स्थापित किया गया है। यहां बिना परिचय पत्र और अनुमति के किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जंगलचट्टी और दुग्गलोला सैंण में एक-एक अतिरिक्त बैरियर लगाया गया है, जहां आने-जाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। प्राथमिक विद्यालय मेहलचौरी और पीएचसी मालसी में अस्थाई जेल का निर्माण भी किया गया है।

वहीं सुरक्षा व्यवस्था और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए गैरसैंण से भराड़ीसैंण नगर क्षेत्र में भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन पर अस्थाई प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध नौ से 13 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः सात से रात आठ बजे तक लागू रहेगा। वहीं इस वर्ष विधानसभा के मुख्य भवन पर पोर्च का निर्माण किया गया है, जिससे भवन का स्वरूप बदला नजर आएगा। पोर्च का निर्माण वर्षा से बचाने के लिए किया गया है।

विधानसभा भवन भराड़ीसैंण। यहां सोमवार से बजट सत्र होने जा रहा है ● जागरण

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी पहुंचीं गैरसैंण

बजट सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी रविवार सुबह दस बजे सड़क मार्ग से भराड़ीसैंण पहुंचीं। विधानसभा परिसर पहुंचने पर उन्हें पुलिस दल ने गार्ड आफ आनर दिया। यहां पहुंचने पर उन्होंने विधानसभा मंडप सहित परिसर का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने विधानसभा परिसर के एक हाल में स्थापित आधुनिक जिम का भी निरीक्षण किया।

विधानसभा परिसर में विस अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी को गार्ड आफ आनर देते पुलिसकर्मी ● जागरण

मुख्यमंत्री धामी का स्वागत

सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को चार बजकर 30 मिनट पर स्थानीय हेलीपैड पर पहुंचे। हेलीपैड पहुंचने पर अधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री धामी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री विधानसभा परिसर स्थित आवास पर पहुंचे, जहां पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री को गार्ड आफ आनर दिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विपक्ष के प्रहार पर तथ्यों-तर्कों से पलटवार करेगी भाजपा

राज्य ब्यूरो, जागरण, गैरसैंण: विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष के हमलों का भाजपा तथ्यों व तर्कों के साथ जवाब देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की उपस्थिति में विधानसभा परिसर में हुई बैठक में भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में यह निश्चय किया गया। मंत्रियों व विधायकों को निर्देश दिए गए कि वे पूरी तैयारी के साथ सदन में आएं।

पहले दिन से आक्रामक रहेंगे कांग्रेस के तेवर

भराड़ीसैंण विधानसभा भवन परिसर में रविवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अध्यक्षता में कांग्रेस सचिवालय मंडल दलकी बैठक आयोजित की गई ● सौजन्य कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, जागरण, गैरसैंण : गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में सोमवार से प्रारंभ हो रहे बजट सत्र को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के बीच गतिरोध दूर नहीं हो सका। ऐसे में सत्र का हंगामेदार रहना तकरीबन तय हो गया है। कांग्रेस ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक का बहिष्कार जारी रखा, लेकिन यह निर्णय किया गया कि सत्र की अवधि कम रखने का पूरी ताकत से विरोध होगा। पहले दिन सत्र की अवधि 21 दिन रखने की मांग को लेकर कांग्रेस आक्रामक तेवर अपनाएगी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अध्यक्षता में रविवार को भराड़ीसैंण विधानसभा भवन परिसर में पार्टी विधानमंडल दल की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, जनसरोकारों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों तथा आम जनता की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। यह तय किया गया कि जनहित के सभी मुद्दों को बजट सत्र के दौरान पूरी मजबूती और तथ्यात्मक रूप से उठाया जाएगा।

विधानसभा घेराव कल : बैठक में यह तय किया गया कि जनहित के सभी मुद्दों को बजट सत्र के दौरान पूरी मजबूती और तथ्यात्मक रूप से उठाया जाएगा। 10 मार्च को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से गैरसैंण में विधानसभा घेराव किया जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं.: 45/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित मेला विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

05030/05029 काठगोदाम-ठाकुरनगर-काठगोदाम मेला विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05030 काठगोदाम से दिनांक 15-03-2026 को 01 ट्रिप
गाड़ी सं. 05029 ठाकुरनगर से दिनांक 18-03-2026 को 01 ट्रिप

गाड़ी संख्या 05030 काठगोदाम-ठाकुरनगर		स्टेशन	गाड़ी संख्या 05029 ठाकुरनगर-काठगोदाम	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	10:00	काठगोदाम	23:30	--
10:17	10:19	हल्द्वानी	22:35	22:37
10:50	10:55	लालकुआं	21:50	21:55
11:16	11:18	किच्छा	21:13	21:15
12:25	12:30	बरेली सिटी	20:20	20:22
13:15	13:20	बरेली	20:05	20:10
18:00	18:10	लखनऊ	15:05	15:15
23:05	23:15	गोरखपुर	09:30	09:40
02:05	02:10	छपरा	05:15	05:25
05:15	05:25	बरौनी	01:15	01:25
08:45	08:50	कटिहार	22:20	22:25
09:38	09:40	कुमेदपुर	20:48	20:50
10:40	10:42	एकलखी	19:38	19:40
11:15	11:25	मालदा टाउन	19:05	19:15
12:43	12:45	पाकुड़	17:19	17:21
13:25	13:30	रामपुर हाल्ट	16:28	16:30
13:50	13:52	सांइथिया	15:58	16:00
14:26	14:28	बोलपुर शांति निकेतन	15:25	15:27
17:03	17:05	नैहाटी	13:18	13:20
17:35	17:55	दम दम	11:55	12:15
20:40	--	ठाकुरनगर	--	10:20

रेक संरचना: एसएलआरडी-02, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, शयनयान-07, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01 = कुल 16 कोच।

मुजाबि/टी-122 **मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

राज्यपाल के हेलीकाप्टर की श्रीनगर में इमरजेंसी लैंडिंग

जीआइटीआइ हेलीपैड में उतरा राज्यपाल का हेलीकाप्टर ● जागरण

जागरण संवाददाता, श्रीनगर गढ़वाल: बजट सत्र के लिए ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण जाते समय उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) के हेलीकाप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते हेलीकाप्टर की श्रीनगर स्थित जीबीके हेलीपैड पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। करीब साढ़े चार घंटे बाद राज्यपाल सड़क मार्ग से गैरसैंण को रवाना हुए।

रविवार दोपहर करीब एक बजे हेलीकाप्टर के श्रीनगर क्षेत्र में पहुंचते ही पायलट को तकनीकी खराबी का अलर्ट मिला। सूत्रों के मुताबिक पायलट को उड़ान के दौरान तापमान एक डिग्री अधिक दिखा। इसके बाद हेलीकाप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग का निर्णय लिया गया।

गुरु भक्ति में रंगी संगत, उमड़ा आस्था का सर

- श्री गुरु राम राय दरबार साहिब परिसर में ऐतिहासिक झंडेजी के आरोहण के साथ मेला शुरू
- दरबार साहिब के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज के अगुआई में 4: 12 मिनट पर आरोहण

जागरण संवाददाता, देहरादून: श्री गुरु राम राय दरबार साहिब परिसर में ऐतिहासिक झंडेजी जी के आरोहण के साथ मेला शुरू हो गया। उत्तराखंड के अलावा दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालु इस अविस्मरणीय पल के साक्षी बने। शाम चार बजकर 12 मिनट पर दरबार साहिब के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज के दिशा-निर्देशन में 94 फीट ऊंचे झंडेजी का आरोहण हुआ। इसके साथ ही पूरा वातावरण गुरु महाराज व झंडेजी के जयकारों से गूंज उठा। इस वर्ष देहरादून के व्यापारी अनिल कुमार गोयल के परिवार ने दर्शनी गिलाफ चढ़ाया। मंगलवार को श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज की अगुआई में नगर परिक्रमा निकाली जाएगी।

झंडेजी के दर्शन के लिए दरबार साहिब परिसर के अलावा आसपास की दुकानों व घरों की छतों पर भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। झंडेजी का आरोहण होते ही पूरा माहौल श्री गुरु राम राय महाराज की जय, जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल, सच्चे दरबार की जय, दरबार साहिब की जय और झंडा चढ़या चढ़या ए देरादून, संगतां मनाले खुशियां, खुशियां नाल मनाईये जन्मदिन सद्गुरु दा, देखो-देखो गुरां दा झंडा चढ़या से गूंज उठा। संगतें ढोल की थाप पर नृत्य करने लगीं। झंडेजी के सबसे बाहर लगने वाले दर्शनी गिलाफ को लेकर जैसे ही अनिल कुमार गोयल का परिवार दरबार साहिब परिसर पहुंचा, दर्शनी गिलाफ को छूने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। हर एक इसे छूकर मन्नत मांगता दिखा।

दरबार साहिब में झंडेजी के आरोहरण से पूर्व गिलाफ चढ़ाती संगत। इस दौरान जयकारों से वातावरण गूंजता रहा ● जागरण

बाज ने की झंडेजी की परिक्रमा

हर वर्ष की तरह इस बार भी एक बाज ने झंडेजी व दरबार साहिब की परिक्रमा की। श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर गुरु महाराज के जयकारे लगाए। झंडेजी के आरोहण के दौरान बाज की इस उपस्थिति को श्री गुरु राम राय महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति माना जाता है।

विज्ञापन

कैंटीन में कर्मचारियों की आवश्यकता

मुख्यालय 99 पर्वतीय ब्रिगेड ई एस एम कैंटीन चौखुटिया में निम्नलिखित पदों के लिए कर्मचारियों (संविदात्मक) की आवश्यकता हैं। इसमें वीर नारी, वार विडोज, भूतपूर्व सैनिक तथा उनके आश्रित को प्राथमिकता दी जायेगी।

पद : बिलिंग क्लर्क (सेवर कम डाटा ऑपरेटर) (02 पद)
आवश्यकताएँ : 12वी पास, 1-2 वर्ष का अनुभव (बिलिंग में) और कंप्यूटर ज्ञान

पद : सुरक्षा गार्ड (02 पद)
आवश्यकताएँ : न्यूनतम 10 वीं पास, पूर्व अनुभव और अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य की आवश्यकता

अंतिम तिथि : 24 मार्च 2026

आवेदन कैसे करें : प्रार्थना पत्र व योग्यताएँ प्रमाण पत्र को 3 डोगरा, पिन - 910603, C/O 56 ए पी ओ पते पर अपना पता, मोबाइल न. सहित दिनांक 24 मार्च 2026 तक दें।

PRI/600at 08 Mar 2026

www.jagranpost.com

Jagran New Media

पढ़िए अपनी विस्तृत व्यक्तिगत कुंडली सिर्फ jagran.com पर

ग्रह, करियर, स्वास्थ्य, विवाह और आर्थिक भविष्य आपके फिंगरटिप्स पर

कुंडली बनवाने अथवा राशिफल देखने के लिए स्कैन करें

Jagran New Media की पहुंच 11.6* करोड़ लोगों तक है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।
*Source: Comscore MMX Multi-Platform, Total Unique Visitors/Viewers, Total Digital Population (Desktop, Mobile & Social), Total Audience, Sep'25, India
To know more, visit us at: jnm.digital

क्लासीफाइड

आवश्यकता

महिला अकाउंटेंट की आवश्यकता है अनुभवी जी.एस.टी बिल एवं टैली कंप्यूटर में पूर्ण जानकारी रखती हो। वेतन योगिता अनुसार अशोक एजेंसी लोहा भंडार कालाढूंगी रोड हल्द्वानी 9837030999

सूचना

सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम Ponam गलत दर्ज है वास्तविक नाम Poonam Kumari दर्ज किया जाए No. JC 764651K, Sub भर्ती ग्राम ग्राम गार्जियाचार पो. गर्जिया तह बंगापानी (पूर्व तहसील डीडीहाट) जिला पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)

बिकाऊ

मकान बिकाऊ है गुलमोहर कॉलोनी रूद्रपुर स्थित दो मंजिला मकान बिकाऊ है 1200 Sqft 4 BHK गेटेड कॉलोनी, समस्त दस्तावेज पूर्ण, विनीत खन्ना #9917452825

नाम परिवर्तन

मेरे आर्मी अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम कुमारी संगीता जन्मतिथि 1 जनवरी 2004 गलत दर्ज है जबकि सही नाम संगीता राणा और जन्मतिथि 28 दिसंबर 2003 है, No 4075697Y हवलदार खुशहाल सिंह निवासी मानपुर रोड काशीपुर जिला उधम सिंह नगर।

Classifieds दैनिक जागरण

YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE in Nainital

For More Details Contact Anand 9690667340

आंशिक बादलों के बीच आज पहाड़ों पर वर्षा के आसार

जागरण संवाददाता, देहरादून: उत्तराखंड में कहीं तेज धूप खिल रही है तो कहीं आंशिक बादल मंडरा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आज पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा हो सकती है। निचले इलाकों में मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है।

रविवार को दून समेत आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही आंशिक बादल मंडराने के साथ धूप की आंख-मिचौली चलती रही। शाम को हल्की हवा चलने के साथ वर्षा के आसार बने रहे।

टिहरी लेक फेस्टिवल ने साबित की उत्तराखंड की क्षमता : राज्यपाल

टिहरी झील महोत्सव में जिला प्रशासन की ओर से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते विधायक किशोर उपाध्याय ● सूचना विभाग

जागरण संवाददाता, नई टिहरी: राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि द टिहरी लेक फेस्टिवल के जरिये पर्यावरण, बारामासी पर्यटन, संस्कृति और साहसिक खेल से जुड़े संदेश देश-दुनिया तक पहुंचे हैं। इसने न सिर्फ टिहरी, बल्कि पूरे उत्तराखंड की क्षमता को साबित किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में उत्तराखंड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

रविवार को द टिहरी लेक फेस्टिवल के तीसरे दिन कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड शीतकालीन, ग्रामीण, सांस्कृतिक आदि पर्यटन को आगे बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है। राज्यपाल ने पेंटिंग, मास्टर शेफ, ग्रुप फैशन शो, मिस्टर एंड मिसेज टिहरी आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार बांटे। यहां विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण, डीएम नितिका खंडेलवाल, एसएसपी आयुष आद मौजूद रहे।

महिलाओं ने साबित की प्रतिभा

राज्यपाल ने कहा कि पहाड़ की बेटियों के लक्ष्य बहुत ऊंचे हैं। पहले विजिट में वह एक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मिले थे, जो नौ तरह का पहाड़ी नमक बनाती हैं। यह नमक न्यूयार्क और लंदन में भी बिकता है। अल्मोड़ा की मशरूम उत्पादक महिला चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वह 25 हजार रुपये महीना कमाती थीं। उन्होंने उनसे छह महीने में एक लाख रुपये कमाने को कहा, तो उन्होंने ऐसा ही कर दिया।

यूपीएससी में सफल युवाओं को सीएम ने दी बधाई

राज्य ब्यूरो, जागरण, देहरादून: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूपीएससी में उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाले युवाओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने 46वीं रैंक पाने वाली किच्छा की शांभवी तिवारी व 66वीं रैंक धारक टिहरी की मीनल नेगी को फोन पर वार्ता कर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश की बेटियां व युवा अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर उत्तराखंड का मान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

प्रेम सिंह बने वन विकास निगम कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष

जागरण संवाददाता, देहरादून: उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन के प्रांतीय चुनाव रविवार को हुए। घोषित परिणाम के अनुसार प्रेम सिंह चौहान को उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन का प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया, जबकि सुनील कुमार पुंडीर को प्रांतीय महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी सूर्य प्रकाश राणाकोटी की देखरेख में संपन्न हुई। नंद लाल जोशी ने चुनाव अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठन की पूरी कार्यकारिणी सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनी गई।